प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

13 मई 2022

सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड योजना (एसजीबी) के तहत समय-पूर्व मोचन – 17 मई 2022 को देय समय-पूर्व मोचन के लिए मोचन मूल्य (एसजीबी 2016-17 की शृंखला III)

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) योजना पर भारत सरकार की दिनांक 20 अक्तूबर 2016 की अधिसूचना एफ.सं.4(16)-डब्ल्यूएंडएम/2016 (एसजीबी 2016-17, शृंखला III- जारी करने की तारीख 17 नवंबर 2016) के अनुसार, स्वर्ण बॉण्ड के जारी होने की तारीख, जिस तारीख से ब्याज देय है, से पांच वर्ष के बाद समय-पूर्व मोचन की अनुमति दी जा सकती है। तद्नुसार, उपरोक्त शृंखला के समय-पूर्व मोचन की अगली देय तिथि 17 मई 2022 होगी।

2. इसके अलावा, एसजीबी का मोचन मूल्य, मोचन की तारीख से पहले के सप्ताह (सोमवार-शुक्रवार) के 999 शुद्धता [इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (आईबीजेए) द्वारा प्रकाशित] के स्वर्ण के साधारण औसत समापन मूल्य पर आधारित होगा। तद्नुसार, 17 मई 2022 को देय द्वितीय समय-पूर्व मोचन के लिए मोचन मूल्य ₹5,115/- (पांच हजार एक सौ पंद्रह रुपये मात्र) प्रति एसजीबी यूनिट होगा जो 09-13 मई 2022 सप्ताह के लिए स्वर्ण के साधारण औसत समापन मूल्य पर आधारित होगा।

रूपांबरा
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/213